भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1137
उत्तर देने की तारीख 29.07.2024

आदिवासी जीवन सभागार

1137. श्री चिन्तामणि महाराज :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आदिवासी रीति-रिवाजों, परंपराओं और संस्कृति से जुड़ी वस्तुओं, रीति-रिवाजों और अन्य प्रतीकों की रक्षा के लिए आदिवासी जीवन सभागार की व्यवस्था की जा सकती है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा निर्वाचन क्षेत्र में आदिवासी जीवन सभागार की व्यवस्था करने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। तथापि, राज्य सरकार इस प्रस्ताव को अनुच्छेद 275 के अंतर्गत मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति के माध्यम से सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता वाली परियोजना अनुमोदन समिति के विचारार्थ भेज सकती है जिसके तहत राज्य को अनुदान प्रदान किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'टैगोर सांस्कृतिक परिसरों (टीसीसी) के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता की स्कीम" नामक स्कीम संचालित की जाती है जिसका उद्देश्य गैर-सरकारी संगठनों, न्यासों, सोसाइटियों, सरकार द्वारा प्रायोजित निकायों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के राजकीय विश्वविद्यालयों, केन्द्रीय/राज्य सरकार अभिकरणों/निकायों, नगर निगमों आदि को मंच प्रस्तुतियों (नृत्य, नाटक और संगीत), प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, साहित्यिक कार्यकलापों, ग्रीन रूम आदि के लिए सुविधाओं तथा अवसंरचना सहित सभागार जैसे नए बड़े सांस्कृतिक स्थानों के सृजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह स्कीम मौजूदा सांस्कृतिक सुविधा केन्द्रों (रबीन्द्र भवन, रंगशालाएं, बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर) आदि के पुनरुत्थान, नवीनीकरण, विस्तार, परिवर्धन, स्तरोन्नयन, आधुनिकीकरण के लिए भी सहायता प्रदान करती है। इस स्कीम के अंतर्गत 15.00 करोड़ रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है।

****